कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 07-10-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) में वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट को प्रदेश में लगातार दूसरी बार मिला प्रथम स्थान।

- **वाराणसी पुलिस को कमिश्नरेट गठन के उपरान्त IGRS रैकिंग में लगातार दूसरे माह प्राप्त हुआ प्रदेश में प्रथम स्थान।**
- **शिकायतों का समयबद्ध (30/30), गुणवत्तापूर्ण (50/50) निस्तारण एवं मुख्यमंत्री कार्यालय से लिये गये फीडबैक (45/45) में प्राप्त हुए शतप्रतिशत (125/125) अंक।**
- **सीपी द्वारा स्वंय मॉनिटरिंग कर शिकायत निवारण में त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही किये जाने हेतु किया गया है निर्देशित।**
- **शासन द्वारा जारी माह सितम्बर की रैंकिंग में कमिश्नरेट वाराणसी के 29 थानें हैं प्रथम स्थान पर।**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्ता के साथ संतुष्टिपूर्ण निस्तारण एवं समाधान हेतु एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) प्रचलित है। **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल के निर्देशन में कमिश्नरेट वाराणसी ने कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के उपरान्त लगातार दूसरी बार प्रदेश में शतप्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।**

पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रवाल के द्वारा स्वयं पर्यवेक्षण कर IGRS के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता है। शासन द्वारा जारी माह सितम्बर की रैंकिंग में कमिश्नरेट वाराणसी के 29 थानों को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। कमिश्नरेट के समस्त अधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए स्वंय मॉनिटरिंग कर शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता पर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण किये जाने के परिणाम स्वरूप लगातार दूसरे माह भी यह उपलब्धि हासिल हुई है।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।